पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| HALF YEARLY EXAMINATION (2020 - 21) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Student's Name:** | | **Grade** | **VII** | **Roll No.** | |
| **Date:** | **08/09/2020 (Tuesday)** | **Time** | **3 hrs.** | **Subject** | **HINDI** |
| **Teacher's Sign.** | | | | **Total marks** | **80** |

# अपठित-विभाग

## प्रः। अपठित पंघाश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (10 Marks)

ओ नए साल, कर कुछ कमाल, जाने वाले को जाने दे.
दिल से अभिनंदन करते हैं, कुछ नई उमंगें आने दे।
आने जाने से क्या डरना, ये मौसम आतेजाते हैं-,
तन झुलसे शिखर दुपहरी में कभी बादल भी छा जाते हैं।
इक वह मौसम भी आता है, जब पत्ते भी गिर जाते हैं,
हर मौसम को मनमीत बना, नवगीत खुशी के गाने दे।
जो भूल हुई जा भूल उसे, अब आगे भूल सुधार तो कर,
बदले में प्यार मिलेगा भी, पहले औरों से प्यार तो कर,
फूटेंगे प्यार के अंकुर भी, वह जमीं ज़रा तैयार तो कर,
भले जीत का जश्न मना, पर हार को भी स्वीकार तो कर,
मत नफरत के शोले भड़का, बस गीत प्यार के गाने दे।

1.काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
2.'वह ज़मीं ज़रा तैयार तो कर' पंक्ति में निहित अलंकार का नाम बताइए।
3.कवि नए साल से क्या अपेक्षा रखता है?
4.'आने-जाने से क्या डरना' के माध्यम से कवि किसके आने-जाने की बात कहता है? इसके लिए प्रकृति से किन-किन उदाहरणों का सहरा लेता है ?
5.कवि ने कविता में मनुष्य के लिए जो सीख दी है, उसे स्पष्ट कीजिए।

## (ब)अपठित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (10 Marks )

मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचारशक्ति। - मनुष्य के पास बुधि है, विवेक है, तर्कशक्ति है अर्थात उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने सविचारों की नींव पर ही आज मानव ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानवसभ्यता का विशाल महल खड़ा क-िया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब सविचारों का अभाव रहता है तो उसका वह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवी बुधि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं। हिंसा और पापाचार का दानवी साम्राज्य इस बात का द्योतक है कि मानव की विचारशक्ति-, जो उसे पशु बनने से रोकती है, उसका साथ देती है।

क) मानव जाति को महत्त्व देने में किसका योगदान है?

ख) विचारों की पूँजी में क्या शामिल नहीं है?

ग) मानव में पाशविक प्रवृत्तियाँ क्यों जागृत होती हैं?

घ) "मनुष्य के पास बुधि है, विवेक है, तर्कशक्ति हैउपर्युक्त वाक्य ’में विशेषण चुनिए है|

ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए|

## व्याकरण -विभाग

**प्रः2(क) भाषा के कितने रूप है? कौन-कौन से?** **(2 Marks)**

**(ख)निम्नलिखित विशेषण रेखाकिंत कर उनके भेद लिखिए।** **(5 Marks)**

1) इस कक्षा में चालीस छात्र हैं।
2) जयपुर की रजाई प्रसिद्ध है ।
3) जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रंग-रूप के बारे में बताते हैं, वे कहलाते हैं
   (i) परिमाणवाचक (ii) संख्यावाचक
   (iii) गुणवाचक (iv) सार्वनामिक विशेषण
4) इनमें परिमाणवाचक विशेषण शब्द है
   (i) दस लीटर दूध (ii) बीस गाय
   (iii) बंगाली (iv) यह घर
5) इस गिलास में थोडा दूध है। रेखांकित का विशेषण भेद बताइए।

**(ग) निम्नलिखित अनुसार कीजिए।** **(5 Marks**

1) संज्ञा के कितने भेद है ?
2) व्यक्तिवाचक संज्ञा की पहचान करिये।
   १ गाय २ पहाड़
   ३ यमुना ४ आम
3) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द संज्ञा है ?
   १ कुध २ क्रोधी
   ३ क्रोध ४ क्रोधित
4) भाषा का अर्थ है
   (१) मन के भाव संकेत के द्वारा प्रकट करना
   (२) मन के भाव केवल बोलकर प्रकट करना
   (३) मन के भाव केवल लिखकर प्रकट करना
   (४) मन के भाव बोलकर या लिखकर प्रकट करना

5) हमें किसके द्वारा भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान होता है?

**प्रः2(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए। (4Marks)**

1) . सीता दिल्ली में रहती है,वह अध्यापिका है ।
2) जैसी करनी वैसी भरनी ।
3) उसकी गाय दस किलो दुध देती है,
4) मुझे अपने गांव जाना है।

**प्रः2(च) निम्नलिीखित अनुसार लिखिए। (4Marks)**

1) जातिवाचक संज्ञाकी पहचान करिये।

१ जवान | २ सुन्दर
३ बालक | ४ मनुष्य

2) भाववाचक संज्ञाकी पहचान करिये।

१ लड़कापन | २ लड़काई
३ लड़कपन | ४ लड़काईपन

3) वाक्य किसे कहते है?

१ शब्द समूह को | २ वर्ण समूह को
३ वर्गों के मेल को | ४ शब्दों के सार्थक मेल को

4) हिंदी की लिपि कौन-सी है?

१ फारसी | २ रोमन
३ गुरुमुख | ४ देवनागरी

## साहित्यक-विभाग

**प्रः3(क) एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (4Marks)**

1) पक्षियों का क्या अरमान था?
2) दादीजी के आंचल कि गाँठ में क्या बंधा है?
3) हिमालय के जंगलों में मुख्यता कौन कौन से वृक्ष है?
4) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?

**(ख) लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (किन्हीं-दो) (4Marks)**

1) पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं-?
2) नदियों को माँ मानने की परम्परा हमारे यहाँ काफ़ी पुरानी है। लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हें और किन रूपों में देखते हैं?
3) दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी?

**(ग)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (किन्हीं-चार) (8Marks)**

1) लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथसाथ बचपन की और कि- याद आ जाती है?
2) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?
3) खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?
4) एनीमिया से बचने के लिए हमें क्याक्या करना चाहिए-?
5) रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए?

**(घ)एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (किन्हीं चार) (4Marks)**

1) कर्ण को अमोघ शक्ति कसने प्रदान की थी?
2) दु:शासन का वध कसने कया?
3) धृतराष्ट्र की माता का क्या नाम था?
4) भीष्म पतामह का असली नाम क्या था?
5) दानवीर कर्ण का अंतिम दान क्या था?

## लेखन-विभाग

**प्रः4(क)निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (किन्हीं एक) (7Marks)**

1)समय का सदुपयोग
2) हमारी नदियाँ

**(ख)निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए। (किन्हीं एक) (6Marks)**

1) अपनी बेटी को उसकी शैक्षणिक सफलता पर बधाई देने के लिए एक पत्र लिखें।

अथवा

2)-दीदी या बहन की शादी पर अवकाश के लिए आवेदन पत्र या प्रार्थना पत्र

**(ग)निम्नलिखित विषय परनिबंध लिखिए। (किन्हीं एक) (7Marks)**

1) विज्ञान के चमात्कार-

अथवा

हमारे पेड़-पौधे:-